जनपद बिजनौर

प्रेस नोट – थाना धामपुर   दिनांक – 22.05.2025

थाना धामपुर पुलिस ने हत्या की घटना का अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल / मृतिका की चप्पल आदि सहित किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 16.05.2025 को वादी श्री देव पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम दीत्तनपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर ने थाना धामपुर पर सूचना दी कि दिनांक 10.05.2025 को वादी की पुत्री रुचिका रानी (उम्र 25 वर्ष) घर से ब्यूटी पार्लर के लिये गयी थी जोकि वापस नही आयी। वादी की पुत्री को शिवम पुत्र ऋषिपाल हाल निवासी सुहागपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल थाना धामपुर पर मु0अ0सं0 185/25 धारा 87 बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

दिनांक 18/19.05.2025 को रुचिका उपरोक्त का शव थाना धामपुर क्षेत्रांतर्गत पोषक नहर से बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के गले पर स्ट्रेंगुलेशन मार्क (गला घुटने से मृत्यु) मिले तथा शव मिलने से 06 से 08 दिन पूर्व (थाने पर सूचना देने से पूर्व ही) मृत्यु होना पाया गया।

पूछताछ का विवरण –

विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना धामपुर पुलिस द्वारा शिवम को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आये कि शिवम का मृतका रुचिका से वर्ष – 2016 से प्रेम-प्रसंग था। शिवम रुचिका से शादी करना चाहता था किन्तु रुचिका, शिवम की सरकारी नौकरी न होने के कारण मना करती थी।

दिनांक 10.05.2025 को शिवम अपनी मोटरसाइकिल से रुचिका को आरएसएम तिराहे से अपने घर लेकर गया था। शिवम ने रुचिका से शादी करने की बात कही लेकिन रुचिका के मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया। आवेश में आकर शिवम ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर रुचिका की हत्या करने की योजना बनाई। रुचिका के घर से निकलने की कोशिश करने पर ऋषिपाल और उसकी पत्नी सुमेश ने रुचिका के हाथ-पैर पकड़ लिए, जिसके बाद शिवम ने रुचिका के गले में पड़े दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया, जिससे रुचिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से शव को मोटरसाइकिल से ले जाकर पोषक नहर में उसके बैग सहित डाल दिया।

कार्यवाही –

थाना धामपुर पुलिस ने अभियुक्त शिवम, उसकी माँ सुमेश व पिता ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम सुहागपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त हीरो स्पलैण्डर मोटर साइकिल (UP20BK4898) सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शिवम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा उसकी निशानदेही पर उसके घर से मृतिका की चप्पल भी बरामद की गयी। अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1.शिवम पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम सुहागपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर
2.ऋषिपाल पुत्र सुनवा निवासी ग्राम सुहागपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर
3.सुमेश देवी पत्नी ऋषिपाल निवासी ग्राम सुहागपुर थाना धामपुर जनपद बिजनौर

बरामदगी का विवरण –

1.घटना में प्रयुक्त हीरो स्पलैण्डर मोटर साइकिल (UP20BK4898)
2.मृतिका की चप्पल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार थाना धामपुर जनपद बिजनौर
2. व0उ0नि0 श्री हरेन्द्र कुमार थाना धामपुर जनपद बिजनौर
3. उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार थाना धामपुर जनपद बिजनौर
4. हे0कां0 402 धर्मवीर खोखर थाना धामपुर जनपद बिजनौर
5. हे0कां0 चालक सुनील सिरोही थाना धामपुर जनपद बिजनौर
6. कां0 49 निखिल कुमार थाना धामपुर जनपद बिजनौर
7. कां0 2179 सौरभ कुमार थाना धामपुर जनपद बिजनौर